हिन्दी दिवस रिपोर्ताज़

डी.ए.वी. स्कूल नेरुल, नवी मुंबई में ०६/०६/२०१४ से १५/०६/२०१४ तक हिन्दी दिवस सप्ताह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसमें कक्षा चौथी से दसवीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों द्वारा विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। प्रार्थना सभा में सर्वप्रथम हिन्दी में प्रार्थना की गई, तत्पश्चात् डी.ए.वी गान। विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय तथा खेल समाचारों की जानकारी हिन्दी में प्रस्तुत की। मौसम का हाल भी हिन्दी में प्रस्तुत किया गया। पहले दिन अनंत चतुर्दशी का महत्त्व तथा पितृपक्ष के बारे में जानकारी दी गई। प्रतिज्ञा भी हिन्दी में ही ली गई।

प्रार्थना सभा में दोहे तथा उनके अर्थ बताए गए। 'हिन्दी' पर कविताएँ प्रस्तुत की गईं। 'परिश्रम का महत्त्व' तथा 'हिन्दी दिवस का महत्त्व' के बारे में बताया गया। राष्ट्र गीत के साथ प्रत्येक दिवस प्रार्थना सम्पन्न की गई।

हिन्दी निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए चार्टस् तथा कविताओं को बोर्ड पर लगाया गया। प्रार्थना सभा के कुछ अंशों तथा विद्यार्थियों के फोटो डी.ए.वी वेबसाइट पर डाले गए।